# 20. बातचीत या संवाद

संवाद का अर्थ है– बातचीत। दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच की गई बातचीत संवाद या वार्तालाप कहलाता है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को संवाद के बारे में बताएँ।
- उन्हें पाठ पृष्ठ पर संवाद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातों से अवगत करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए संवाद लेखन के उदाहरण पढ़वाएँ।
- कक्षा में बच्चों को छोटे-छोटे संवाद बोलने के लिए प्रेरित करें।
- श्यामपट्ट पर छोटे-छोटे संवाद लिखकर बच्चों से पढ़ने को कहें।
- बच्चों को बताएँ, हमें दूसरों से विनम्रता से बात करनी चाहिए।
- पाठ का अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।
- कॉपी में उनसे छोटे-छोटे संवाद लिखवाकर इनका लिखित अभ्यास करवाएँ।